>

Title: Need to give pay hike to Ayurvedic doctors similar to Allopathic doctors and to ensure regularization of their services in the country.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): महोदय, मैं भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के श्रम कल्याण संगठन द्वारा संचालित आयुर्वेदिक औषधालयों में संविदा आधार पर पदस्थ आयुर्वेदिक चिकित्सकों, जो पिछले 5-6 वर्षों से सेवा कर रहे हैं को वेतन वृद्धि न दिए जाने की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

दूसरी तरफ इसी मंत्रालय द्वारा एलोपैथिक चिकित्सकों को दो बार वेतन वृद्धि दी जा चुकी है। शासन के नियमानुसार समान पद समान वेतन के आधार पर नियमित एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सकों का वेतन समान है। संविदा आधार पर पदस्थ एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सकों में इतना भेदभाव क्यों? संविदा एलोपैथिक चिकित्सकों को 30,000 रूपये मासिक, आयुर्वेदिक चिकित्सकों को 8,000 रूपये मासिक दिए जाते हैं, जो इस महंगाई के समय में आजीविका हेतु अपर्याप्त हैं।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि आयुर्वेदिक चिकित्सकों को भी एलोपैथिक चिकित्सकों की तरह वेतन वृद्धि दी जाए एवं जो चिकित्सक 3 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके हैं, उनका नियमितीकरण किया जाए। मेरा यह आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से और भारत सरकार से अनुरोध है। बहुत-बहुत धन्यवाद।